अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 12 फरवरी 2024
माघ शुक्ल-तृतीया
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 04 : TOP

भरतनाट्यम की प्रस्तुति से मोह लिया मन

रिद्धिमा में भरतनाट्यम की प्रस्तुति देते कलाकार। *स्रोत : संस्था*

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। रिद्धिमा में रविवार को भाव-भंगिमाओं के जरिये भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से गणेश जी को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आद्या कथरा, भाव्या बिंदल, काव्या रस्तोगी, सताक्षी, मायरात्री, पारया, आर्या गुप्ता, संस्कृति और चिरान्य गौतम ने भरतनाट्यम के विभिन्न भावों को व्यक्त किया। इन विद्यार्थियों ने अलारिप्पु, जतिस्वरम (नृत्य का विशुद्ध रूप), शब्दम और वर्णम पर भी अपनी नृत्य प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज और रोबिन ए भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने मंच पर आए। दोनों ने मीरा के भजनों को भरतनाट्यम से प्रदर्शित किया। इन गुरुओं ने अपने विद्यार्थियों के साथ मंच संभाला और भरतनाट्यम की तिल्लाना विधा को प्रदर्शित किया।

गायन की विद्यार्थी डा. वंदना दुग्गल ने अपनी आवाज से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुमन विश्वास (मृदंगम) ने वाद्ययंत्रों पर संगत की।